**जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 11.02.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2, फेज–3 तथा पूर्व निर्मित ग्रामीण पेजयल योजनाओं के अनुरक्षण, रख–रखाव एवं संचालन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 11–02–2026 को अपरान्ह 12:00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2, फेज–3 अन्तर्गत फर्म क्रमशः मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों तथा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण, रख–रखाव एवं संचालन हेतु फर्म मै० प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, मुम्बई द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही –

1. मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस।
2. श्री विपिन कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, हाथरस।
4. श्री चन्द्रपाल सिंह, सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
5. श्री विकास वर्मा, सहायक अभियन्ता, (SWSM) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
6. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हाथरस।
7. श्री सौरव सिंह, अवंर अभियन्ता (SWSM) (वि०/यॉ०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
8. श्री दिनेश बनसोड, डी०पी०एम०, टी०पी०आई० आरवी एसोसियेट, हाथरस।
9. श्री दिलशाद खान, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, हाथरस।
10. श्री योगेन्द्र सिंह, परियोजना प्रबन्धक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, हाथरस।
11. श्री अनिल कुमार सिंह, ए०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हाथरस।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर फेजवार एवं कार्यदायी संस्था वार समीक्षा की गयी :–

## जल जीवन मिशन फेज–2

कार्यदायी संस्था का नाम – मै० ऑयन एक्सचेंज
कार्य प्रारम्भ तिथि– 07, दिसम्बर, 2021
परियोजनाओं की संख्या– 28 नग ( आच्छादित राजस्व ग्राम 102 )
पूर्ण परियोजनाओं की संख्या– 0 ( शून्य )
एकल ग्राम परियोजनाओ की संख्या – 07 नग
ग्राम समूह परियोजनाओ की संख्या – 21 नग
नियमित जलापूर्ति OHT–19 राजस्व ग्राम
नियमित जलापूर्ति Direct Pumping –12 राजस्व ग्राम

File Diary/Dispatch/GP No. 68 CC Name ......... Dr./Sign ......

## जल जीवन मिशन फेज–3

कार्यदायी संस्था का नाम – मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०)
कार्य प्रारम्भ तिथि– 27, फरवरी, 2023
परियोजनाओं की संख्या– 252 नग ( आच्छादित राजस्व ग्राम 400 )
पूर्ण परियोजनाओं की संख्या– 02 नग ( नगला बाबू वि०ख० मुरसान एवं धंधौली वि०ख० हसायन )
एकल ग्राम परियोजनाओ की संख्या – 96 नग
ग्राम समूह परियोजनाओ की संख्या – 156 नग
नियमित जलापूर्ति OHT–62 राजस्व ग्राम
नियमित जलापूर्ति Direct Pumping –79 राजस्व ग्राम

Scanned with OKEN Scanner

# फेज – 2

| Sr N | Block | No of Scheme | No of Revenue Village | OHT (No.) (6+7) Proposed | OHT (No.) (8+9+10+11) Work Started | OHT (No.) Not Started | OHT (No.) Completed | OHT (No.) Work in progress: Foundation | OHT (No.) Work in progress: Staging | OHT (No.) Work in progress: Water Tank/Dome | Distribution (KM) Proposed | Distribution (KM) Complete | Distribution (KM) R.V. Completed | Distribution (KM) Remaining: Work in progress R.V | Distribution (KM) Remaining: Work in progress Balance Length | Distribution (KM) Remaining: Not Started till now R.V | Distribution (KM) Remaining: Not Started till now Balence Length | FHTC (NO.) Proposed | FHTC (NO.) Complete | FHTC (NO.) .R.V.Completed | FHTC (NO.) Remaining: No. of R.V. Work in progress | FHTC (NO.) Remaining: No of R.V. Work Not Started | Road Restoration: No of R.V. Completed: Dismantle | Road Restoration: No of R.V. Completed: Restoration | Road Restoration: No of R.V. Completed: Balence | Regular Water Supply in R.V: Through OHT | Regular Water Supply in R.V: Through Direct Pumping | Regular Water Supply in R.V: Total R.V |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 1 | Hathras | 4 | 22 | 14 | 9 | 5 | 1 | 4 | 4 | 0 | 98 | 90 | 19 | 3 | 8 | 0 | 0 | 5847 | 5341 | 19 | 2 | 1 | 22 | 15 | 7 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | Sasni | 1 | 7 | 6 | 5 | 1 | 1 | 3 | 1 | 0 | 35 | 32 | 6 | 1 | 3 | 0 | 0 | 2287 | 2055 | 6 | 1 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 3 | Mursan | 1 | 7 | 4 | 3 | 1 | 0 | 2 | 1 | 0 | 48 | 48 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3279 | 2704 | 7 | 0 | 0 | 7 | 6 | 1 | 0 | 2 | 2 |
| 4 | Sehpau | 7 | 35 | 29 | 17 | 12 | 9 | 6 | 1 | 1 | 292 | 262 | 29 | 6 | 30 | 0 | 0 | 15210 | 13500 | 29 | 5 | 1 | 35 | 31 | 4 | 11 | 1 | 12 |
| 5 | Sadabad | 5 | 25 | 22 | 17 | 5 | 7 | 1 | 9 | 0 | 310 | 290 | 20 | 2 | 9 | 3 | 11 | 17200 | 16507 | 20 | 3 | 2 | 22 | 19 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | Sikandra Rao | 6 | 6 | 6 | 2 | 4 | 0 | 2 | 0 | 0 | 59 | 40 | 04 | 2 | 19 | 0 | 0 | 3822 | 2988 | 04 | 2 | 0 | 6 | 5 | 1 | 0 | 1 | 1 |
| 7 | Hasayan | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 28 | 102 | 81 | 53 | 28 | 18 | 18 | 16 | 1 | 843 | 763 | 85 | 14 | 69 | 3 | 11 | 47645 | 43095 | 85 | 13 | 4 | 99 | 83 | 16 | 19 | 12 | 31 |

मदामई
थरौरा
नौगांव
कजरौठी

# फेज – 2

| Sr N | Block | No of Scheme | No of Village | Tube well (No.) | | | | | | | Pump House (No.) | | | | | Boundary wall (No.) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Proposed | T/W Lowering | Compressor | Complete | Pumping Status | | | Proposed | Work Started | Completed | (13-14) Work in progress | (12-13) Not Started | Proposed | Work Started | Complete | (18-19) Work in progress | (17-18) Not Started |
| | | | | | | | | Installed (56nos.) | | Not Install | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | Running | Not running | | | | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 1 | Hathras | 4 | 22 | 13 | 12 | 12 | 12 | 7 | 3 | 3 | 13 | 10 | 8 | 2 | 3 | 14 | 11 | 8 | 3 | 3 |
| 2 | Sasni | 1 | 7 | 6 | 6 | 6 | 6 | 1 | 1 | 4 | 6 | 5 | 4 | 1 | 1 | 6 | 6 | 3 | 3 | 0 |
| 3 | Mursan | 1 | 7 | 5 | 5 | 5 | 5 | 2 | 1 | 2 | 5 | 3 | 3 | 0 | 2 | 4 | 4 | 4 | 0 | 0 |
| 4 | Sehpau | 7 | 35 | 31 | 31 | 31 | 31 | 12 | 13 | 6 | 31 | 28 | 19 | 9 | 3 | 29 | 28 | 26 | 2 | 1 |
| 5 | Sadabad | 9 | 25 | 31 | 29 | 29 | 29 | 8 | 5 | 18 | 31 | 22 | 20 | 2 | 9 | 22 | 20 | 18 | 2 | 2 |
| 6 | Sikandra Rao | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 1 | 2 | 3 | 6 | 3 | 3 | 0 | 3 | 6 | 2 | 2 | 0 | 4 |
| 7 | Hasayan | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Total | | 28 | 102 | 92 | 89 | 89 | 89 | 31 | 25 | 36 | 92 | 71 | 57 | 14 | 21 | 81 | 71 | 61 | 10 | 10 |

जनपद में कार्यदायी संस्था द्वारा विकास खण्ड हासायन को छोड़कर शेष सभी 6 विकास खण्डों में जल जीवन मिशन का कार्य कराया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

1. **ट्यूबवैलों की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं में 92 नग ट्यूबैल के सापेक्ष 89 नग ट्यूबैलों पर बोरिंग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है, शेष 03 नग ट्यूबवैल के बारे में अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि पेयजल योजनाओं में जोन टेस्टिंग कराने पर मानक से अधिक टी०डी०एस० होने के कारण बोर फेल होने के कारण बोरिंग कार्य नहीं हो पा रहा है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की गाइडलाईन के अनुसार विशेष प्रयास कर मीठे पानी हेतु भूमि का चिन्हांकन करने हेतु निर्देशित किया गया।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | TDS की अनुमानित सीमा | प्राप्त TDS की मात्रा | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जारऊ पे0यो0 ( जोन गींगला ) वि0खं0 सादाबाद | 0–2000 | 2400, 2700, 3200 | मीठे पानी की भूमि के चिन्हांकन की कार्यवाही की जा रही है। |
| 2. | जारऊ पे0यो0 ( जोन गुरसौटी ) वि0खं0 सादाबाद | 0–2000 | 3300, 3600, 2800 | |
| 3. | ऐहन पे0यो0 ( जोन खरवा ) वि0खं0 हाथरस | 0–2000 | 2400, 2800, 2600 | |

2. **पम्प हाउसों की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम फेज–2 के अन्तर्गत मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं में 92 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 67 नग पम्प हाउसों पर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष पम्पहाउसों पर कार्यो की धीमी प्रगति के कारण निर्माण कार्य न प्रारम्भ होने के कारणों का अग्रिम बैठक में स्पष्ट उल्लेख एवं साथ ही कार्यदायी संस्था को अतिरिक्त मैनपावर लगाकर प्रगति में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. **शिरोपरि जलाशयों (ओ०एच०टी०) की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं में 81 नग शिरोपरि जलाशयों के निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 18 नग शिरोपरि जलाशयों पर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष शिरोपरि जलाशयों पर कार्यो की धीमी प्रगति एवं शिरोपरि जलाशयों पर कार्य न प्रारम्भ होने के कारणों का अग्रिम बैठक में स्पष्ट उल्लेख हेतु जिनमें शिरोपरि जलाशयों के प्रगतिरत कार्यो में 3 स्तर (फाउंडेशन, स्टेजिंग एवं जलाशय) पर समीक्षा सारणी में स्पष्ट रूप से उल्लेख हो तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिरोपरि जलाशयों के बनाया जाने के प्रकार भी स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो एवं साथ ही कार्यदायी संस्था को अतिरिक्त मैनपावर लगाकर प्रगति में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया।

| क्र0सं0 | विकास खण्ड | प्रस्तावित शिरोपरि जलाशयों की संख्या | पूर्ण शिरोपरि जलाशय | प्रगतिशील शिरोपरि जलाशय | अनारम्भ शिरोपरि जलाशय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाथरस | 14 | 1 | 8 | 05 (भदागई, शेखुपुरमदन, एहन, कुम्हरई, महोखास) |
| 2 | सासनी | 6 | 1 | 4 | 01 (अगोखरी) |
| 3 | मुरसान | 4 | 0 | 3 | 01 (बर्दसारी) |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | सादाबाद | 22 | 7 | 10 | 05 (सुसैन, जारऊ, कजौली, दगसह, तसिंगा) |
| 5 | सहपऊ | 29 | 9 | 8 | 12 (गुतेहरा, धाधऊ, महरारा 6बी, रसगंवा, दोहई, नगला सलेम, कोकन खुर्द, मानिकपुर, शेरपुर, मढापिथू, आरती, हसनपुर बारू) |
| 6 | सिकंदराऊ | 6 | 0 | 2 | 04 (रामपुर नगला चटोल, नौर्था ईसापुर, कचौरा, खीजरपुर कसबा) |
| योग | | 81 | 18 | 35 | 28 |

**4. वितरण प्रणाली की समीक्षा :–** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओ पर 843 कि०मी० वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 769 कि०मी० वितरण प्रणाली बिछायी गयी है। शेष वितरण प्रणाली बिछाये जाने के कार्य न प्रारम्भ होने के कारणों का अग्रिम बैठक में स्पष्ट उल्लेख हेतु तथा जिन पेजयल योजनाओं पर वितरण प्रणाली एवं मार्ग पुर्नस्थापन के प्रगतिरत कार्यों के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय से चर्चा उपरान्त विभिन्न स्तरों को सुनिश्चित कर समीक्षा सारणी में स्पष्ट रूप से उल्लेख हो साथ ही कार्यदायी संस्था को अतिरिक्त मैनपावर लगाकर प्रगति मे सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया।

**5. गृह जल संयोजनों की समीक्षा :–** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 47645 नग गृह जल संयोजन का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 43095 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। शेष गृह जल संयोजन के कार्य की धीमी प्रगति एवं गृह जल संयोजन न प्रारम्भ होने के कारणों का अग्रिम बैठक में स्पष्ट उल्लेख एवं जिन पेजयल योजनाओं पर गृह जल संयोजन के कार्य प्रगतिरत हैं, के कार्यों के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी से चर्चा उपरान्त विभिन्न स्तरों को सुनिश्चित कर समीक्षा सारणी में स्पष्ट रूप से उल्लेख हो साथ ही कार्यदायी संस्था को अतिरिक्त मैनपावर लगाकर प्रगति में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया।

**6. मार्ग पुर्नस्थापन की समीक्षा :–** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा 102 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 99 नग राजस्व ग्रामों में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु मार्गों को तोड़ा गया था जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 83 राजस्व ग्रामों में मार्ग पुर्नस्थापन का कार्य पूर्व की भांति करा दिया गया है, शेष 16 नग राजस्व ग्रामों में मार्ग पुर्नस्थापन का कार्य प्रगति पर है।

| क्र0सं0 | विकास खण्ड | वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोड़े गये मार्गों के राजस्व ग्रामों की संख्या | मार्ग पुर्नस्थापन पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | मार्ग पुर्नस्थापन का कार्य शेष राजस्व ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हाथरस | 22 | 15 | 7 (बिलोखरी, भोपतपुर, पुर्वैना, खरवा, मिर्जापुर, महोखास, नगला मान) |
| 2 | सासनी | 7 | 7 | 0 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | गुररान | 7 | 6 | 1 (खुटीपुरी) |
| 4 | सादाबाद | 22 | 19 | 3 (मन्राया कला, जारऊ, कंजौली) |
| 5 | सहपऊ | 35 | 31 | 4 (रामपुर, खेरिया, थरौरा, धाधऊ) |
| 6 | सिकंदराऊ | 6 | 5 | 1 (बरतरखास) |
| योग | | 99 | 83 | 16 |

Scanned with OKEN Scanner

# फेज — 3

| Sr N | Block | No of Scheme | No of Revenue Villege | OHT (No.) | | | | | | | Distribution (KM) | | | | | | | FHTC (NO.) | | | | | Road Restoration | | | Regular Water Supply | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (6+7) Proposed | (8+9+10+11) Work Started | Not Started | Completed | Work In progress | | | Proposed | Completed | R.V. Completed | Remaining | | | | Proposed | Completed | R.V. Completed | Remaining | | No of Village Completed | | | Through OHT | Through Direct Pupming | Total R.V |
| | | | | | | | | Foundation | Staging | Water Tank/Dome | | | | Work In progress | | Not Started | | | | | No. of R.V. Work In progress | No of R.V. Work Not Started | Dismantle | Restoration | Balance | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | R.V | Balance Length | R.V | Balance Length | | | | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 1 | Hathras | 32 | 68 | 31 | 22 | 9 | 12 | 2 | 6 | 2 | 307 | 279 | 51 | 3 | 7 | 12 | 21 | 20629 | 2290 | 44 | 4 | 18 | 51 | 38 | 13 | 5 | 17 | 22 |
| 2 | Sasni | 50 | 94 | 51 | 44 | 7 | 26 | 1 | 12 | 4 | 522 | 447 | 74 | 6 | 22 | 14 | 53 | 34694 | 26920 | 64 | 9 | 21 | 76 | 59 | 17 | 15 | 21 | 36 |
| 3 | Mursan | 54 | 132 | 53 | 46 | 7 | 27 | 2 | 7 | 10 | 573 | 502 | 111 | 9 | 26 | 12 | 45 | 30047 | 23060 | 103 | 12 | 17 | 115 | 77 | 38 | 32 | 12 | 44 |
| 4 | Sehpau | 18 | 31 | 17 | 13 | 4 | 3 | 1 | 4 | 5 | 167 | 133 | 15 | 3 | 9 | 13 | 25 | 10069 | 6020 | 11 | 8 | 12 | 20 | 16 | 4 | 1 | 13 | 14 |
| 5 | Sadabad | 21 | 35 | 21 | 17 | 4 | 6 | 4 | 7 | 1 | 205 | 121 | 16 | 7 | 29 | 12 | 55 | 12199 | 5893 | 10 | 9 | 16 | 16 | 13 | 3 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | Sikandra Rao | 30 | 56 | 34 | 26 | 8 | 10 | 3 | 5 | 8 | 371 | 245 | 27 | 8 | 37 | 21 | 89 | 23157 | 5800 | 10 | 12 | 25 | 23 | 19 | 4 | 0 | 1 | 1 |
| 7 | Hasayan | 47 | 82 | 48 | 37 | 11 | 13 | 5 | 11 | 8 | 510 | 345 | 49 | 20 | 113 | 13 | 52 | 29575 | 12325 | 21 | 21 | 30 | 49 | 38 | 11 | 5 | 13 | 18 |
| Total | | 252 | 496 | 255 | 205 | 50 | 96 | 19 | 52 | 38 | 2655 | 2072 | 343 | 56 | 243 | 97 | 340 | 160570 | 84308 | 282 | 75 | 139 | 350 | 260 | 90 | 62 | 79 | 141 |

Scanned with OKEN Scanner

फेज–3

| Sr N | Block | No of Scheme | No of Revenue Village | Tube well (No.) | | | | | | | Pump House (No.) | | | | | Boundary wall (No.) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Proposed | T/W Lowering | Compressor | Complete | Pumping Status | | | Proposed | Work Started | Completed | (12-13) Not Started | (13-14)Work in progress | Proposed | Work Started | Completed | (18-19) Work in progress | (17-18) Not Started |
| | | | | | | | | Installed (150) | | Not install | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | Running | Not running | | | | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 1 | Hathras | 32 | 66 | 40 | 36 | 36 | 34 | 22 | 0 | 19 | 39 | 29 | 24 | 10 | 5 | 39 | 17 | 11 | 6 | 22 |
| 2 | Sasni | 56 | 94 | 76 | 75 | 73 | 64 | 36 | 3 | 46 | 77 | 72 | 55 | 5 | 17 | 77 | 53 | 30 | 23 | 24 |
| 3 | Mursan | 54 | 132 | 81 | 79 | 78 | 61 | 44 | 2 | 38 | 81 | 66 | 56 | 15 | 10 | 81 | 27 | 13 | 14 | 54 |
| 4 | Sehpau | 18 | 31 | 22 | 22 | 21 | 19 | 14 | 1 | 6 | 23 | 21 | 16 | 2 | 5 | 23 | 11 | 7 | 4 | 12 |
| 5 | Sadabad | 21 | 35 | 28 | 28 | 28 | 18 | 6 | 1 | 33 | 28 | 23 | 15 | 5 | 8 | 28 | 10 | 6 | 4 | 18 |
| 6 | Sikandra Rao | 30 | 55 | 44 | 43 | 43 | 37 | 1 | 0 | 32 | 43 | 31 | 12 | 12 | 13 | 43 | 25 | 14 | 11 | 18 |
| 7 | Hasayan | 47 | 82 | 72 | 70 | 70 | 82 | 16 | 2 | 49 | 72 | 51 | 20 | 21 | 31 | 72 | 32 | 9 | 23 | 40 |
| Total | | 252 | 496 | 363 | 355 | 351 | 295 | 141 | 9 | 213 | 363 | 293 | 198 | 70 | 95 | 363 | 175 | 90 | 85 | 188 |

नपद में कार्यदायी संस्था द्वारा सभी विकास खण्डों में जल जीवन मिशन का कार्य कराया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

1. **ट्यूबवैलों की समीक्षा :-** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा 252 नम पेयजल योजनाओं पर 363 नग ट्यूबैलों का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 295 नग ट्यूबैलों पर बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 68 नग ट्यबैलो का कार्य शेष है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक मे उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से उक्त विषय में पूछे जाने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 04 नग ट्यूबवैल पर बोरिंग/डवलपमेंट का कार्य प्रगति पर है। शेष ट्यूबवैल के बारे में पूछे जाने पर पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी न होने के कारण कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यो की प्रगति बढाने हेतु अतिरिक्त मैनपॉवर/मशीनरी लगाते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करने के कडे निर्देश दिये गये।

2. **पम्प हाउसों की समीक्षा :-** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम फेज-3 के अन्तर्गत मै० बी०जी०सी०सी० पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा 252 नग पेयजल योजनाओं पर 363 नग पम्प हाउस निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 198 नग पम्प हाउसों पर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष पम्पहाउसों पर कार्यों की धीमी प्रगति पर बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से उक्त विषय में पूछे जाने पर प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 14 नग पम्पहाउस पर कार्य प्रगति पर है। शेष पम्पहाउसो के बारे में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी का अभाव है जिस कारण कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को शेष पम्पहाउसों पर पृथक रूप से मैनपॉवर/मशीनरी लगाते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही इनके प्रगतिरत कार्यों को भी समीक्षा सारणी में उपरोक्तानुसार स्पष्ट रूप से उल्लेखित करने के भी निर्देश दिये गये।

3. **शिरोपरि जलाशयों (ओ०एच०टी०) की समीक्षा :-** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम फेज-3 के अन्तर्गत मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा 252 नग पेयजल योजनाओं पर 255 नग शिरोपरि जलाशयों का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 96 नग शिरोपरि जलाशयो पर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष शिरोपरि जलाशयों की प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि से उक्त के विषय में पूछे जाने पर प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 109 नग शिरोपरि जलाशयों पर कार्य प्रगति पर है। शिरोपरि जलाशयों के बारे में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास पर्याप्त मैनपॉवर एवं मशीनरी का अभाव है जिस कारण निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को शेष शिरोपरि जलाशयों पर पृथक रूप से मैनपॉवर/मशीनरी लगाते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही इनके प्रगतिरत कार्यों को भी समीक्षा सारणी में उपरोक्तानुसार स्पष्ट रूप से उल्लेखित करने के भी निर्देश दिये गये।

4. **वितरण प्रणाली की समीक्षा :-** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा 252 नग पेयजल योजनाओं पर 2655 कि०मी० वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 2072 कि०मी० वितरण प्रणाली बिछायी गयी है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यों की प्रगति बढ़ाते हुए वितरण प्रणाली शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये साथ ही वितरण प्रणाली बिछाने के उपरान्त मार्गों की पुर्नस्थापना का कार्य कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही इनके प्रगतिरत कार्यों को भी समीक्षा सारणी में उपरोक्तानुसार स्पष्ट रूप से उल्लेखित करने के भी निर्देश दिये गये।

5. **गृह जल संयोजनों की समीक्षा :-** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम फेज-3 के अन्तर्गत मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०) द्वारा 160570 नग गृह जल संयोजन का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 84308 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। इस अत्यन्त धीमी प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कडी नारजागी व्यक्त करते हुए फर्म के प्रतिनिधि को श्रमिकों की संख्या बढाते हुऐ तीव्र गति से कार्य कराये जाने के निर्देश प्रदान किये

Scanned with OKEN Scanner

गये साथ ही किये गये प्रत्येक गृह जल संयोजनों पर जल जीवन मिशन की गाईडलाईन के अनुसार नम्बरिंग का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही इनके प्रगतिरत कार्यों को भी समीक्षा सारणी में उपरोक्तानुसार स्पष्ट रूप से उल्लेखित करने के भी निर्देश दिये गये।

**6. मार्ग पुर्नस्थापन की समीक्षा :-** अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०) द्वारा 496 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 350 नग राजस्व ग्रामों में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु मार्गों को तोड़ा गया था जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 260 राजस्व ग्रामों में मार्ग पुर्नस्थापन का कार्य पूर्व की भांति करा दिया गया है, शेष 90 नग राजस्व ग्रामों में मार्ग पुर्नस्थापन का कार्य प्रगति पर है।

| क्र०सं० | विकास खण्ड | वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोड़े गये मार्गों के राजस्व ग्रामों की संख्या | मार्ग पुर्नस्थापन पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | मार्ग पुर्नस्थापन का कार्य शेष राजस्व ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हाथरस | 51 | 38 | 13 |
| 2 | मुरसान | 115 | 77 | 38 |
| 3 | सादाबाद | 16 | 13 | 03 |
| 4 | सहपऊ | 20 | 16 | 04 |
| 5 | सिकंदराऊ | 23 | 19 | 04 |
| 6 | हसायन | 49 | 38 | 11 |
| 7 | सासनी | 76 | 59 | 17 |
| योग | | 350 | 260 | 90 |

<u>पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं की समीक्षा</u> :- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 39 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण, रख-रखाव एवं संचालन का कार्य मै० प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स, प्रा०लि०, मुम्बई द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके क्रम में पेयजल योजनाओं की डी०पी०आर० तैयार कर शासन स्तर से अनुमोदन हेतु इस खण्ड कार्यालय द्वारा प्रेषित की जा चुकी हैं। वर्तमान में फर्म को 39 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 10 नग पेयजल योजनाओं (आंशिक रूप से संचालित) को हस्तगत किया गया है, जिस पर फर्म द्वारा आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में फर्म के प्रतिनिधि के अनुपस्थित होने पर अग्रिम बैठक में पुनरार्वति होने पर कठोर पत्राचार के माध्यम से शासन स्तर पर फर्म के प्रति कठोर कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया।

| Sr. No. | Block Name | Scheme Name | Gram Panchayat | Revenue Village | Status of Water Supply |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | HASAYAN | Ban Abdulhaipur | Ban Abdulhaipur | Ban Abdulhaipur | Non Functional |
| 2 | HASAYAN | Basal Babas | Basal Babas | Basal Babas | Non Functional |
| 3 | HASAYAN | Bastol | Bastol | Bastol | Non Functional |
| 4 | HASAYAN | Haitha Raghunathpur | Haitha Raghunathpur | Haitha Raghunathpur | Partially |
| 5 | HASAYAN | Mahasinghpur | Mahasinghpur | Mahasinghpur | Partially |
| 6 | HASAYAN | | Mahasinghpur | Raj Nagar | Partially |
| 7 | HASAYAN | Nagla Aal | Nagla Aal | Nagla Aal | Non Functional |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | HASAYAN | Nagla Sakat | Nagla Sakat | Nagla Sakat | Non Functional |
| 9 | HASAYAN | Paindapur | Paindapur | Paindapur | Non Functional |
| 10 | HASAYAN | Pora | Pora | Pora | Non Functional |
| 11 | HATHRAS | BARWANA | BARWANA | BARWANA | Partially |
| 12 | HATHRAS | BERGAON | BERGAON | BERGAON | Partially |
| 13 | HATHRAS | BONAI | BONAI | BONAI | Partially |
| 14 | HATHRAS | CHINTAPUR BADAN | CHINTAPUR BADAN | CHINTAPUR BADAN | Partially |
| 15 | HATHRAS | | CHINTAPUR BADAN | DATORA | Partially |
| 16 | HATHRAS | | CHINTAPUR BADAN | TRILOKPUR | Partially |
| 17 | HATHRAS | GARHI DHARU | GARHI DHARU | GARHI DHARU | Partially |
| 18 | HATHRAS | MAHO | MAHO | MALHE | Non Functional |
| 19 | HATHRAS | | MAHO | HIMMATPUR | Non Functional |
| 20 | HATHRAS | MAJHOLA | MAJHOLA | MAJHOLA | Non Functional |
| 21 | HATHRAS | PARSARA | PARSARA | PARSARA | Non Functional |
| 22 | MURSAN | Ahbaranpur | Ahbaranpur | Ahbaranpur | Non Functional |
| 23 | SADABAD | BHURRKA | BHURRKA | BHURRKA | Non Functional |
| 24 | SADABAD | BILARA | BILARA | BILARA | Non Functional |
| 25 | SADABAD | BISAWAR | BISAWAR | BISAWAR | Non Functional |
| 26 | SADABAD | GAHCHAULI | GAHCHAULI | GAHCHAULI | Non Functional |
| 27 | SADABAD | GUKHRAULI | GUKHRAULI | GUKHRAULI | Non Functional |
| 28 | SADABAD | JATOI | JATOI | JATOI | Non Functional |
| 29 | SADABAD | KARSAURA | KARSAURA | KARSAURA | Non Functional |
| 30 | SADABAD | KURSANDA | KURSANDA | KURSANDA | Non Functional |
| 31 | SADABAD | TAJPUR | TAJPUR | TAJPUR | Non Functional |
| 32 | SADABAD | WEDAI | WEDAI | WEDAI | Non Functional |
| 33 | SASNI | Ajroi | Ajroi | Ajroi | Non Functional |
| 34 | SASNI | Chhaura Gadaua | Chhaura Gadaua | Chhaura Gadaua | Non Functional |
| 35 | SASNI | Lutsan | Lutsan | Lutsan | Partially |
| 36 | SASNI | Mamauta Kalan | Mamauta Kalan | Mamauta Khurd Kalan | Partially |
| 37 | SASNI | Mohariya | Mohariya | Alipur | Non Functional |
| 38 | SASNI | | Mohariya | Mohariya | Non Functional |
| 39 | SASNI | Nagla Bhoora | Nagla Bhoora | Bikhaura Khurd | Non Functional |
| 40 | SASNI | | Nagla Bhoora | Nagla Bhoora | Non Functional |
| 41 | SASNI | Nagla singh | NAGLA SINGH | NAGLA SINGH | Partially |
| 42 | SASNI | | NAGLA SINGH | PATTI FATELI | Partially |
| 43 | SASNI | Tilothi | Tilothi | Nagla Bijaiya | Non Functional |
| 44 | SASNI | | Tilothi | Tilothi | Non Functional |
| 45 | SIKANDRARAO | AGSAULI | AGSAULI | AGSAULI | Non Functional |
| 46 | SIKANDRARAO | PIPAL GAWAN | PIPAL GAWAN | PIPAL GAWAN | Non Functional |
| 47 | SIKANDRARAO | BARAI SHAHPUR | BARAI SHAHPUR | BARAI SHAHPUR | Non Functional |

जल सेवा आंकलन :–

1. **क्या है** – जनपद में 31 दिसम्बर 2024 तक हर घर जल मार्क राजस्व ग्रामों जिनके 31 दिसम्बर 2025 तक 1 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त हर घर जल मार्क राजस्व ग्रामो की योजनाओं की क्रियाशीलता की सूचना जे0जे0एम0 डैशबोर्ड 2.0 पर दर्ज करना।
2. **कैसे होगा** – जनपद में चयनित योजनाओं की क्रियाशीलता की सूचना ग्राम पंचायत की बैठक कराकर ग्राम पंचायत सचिव की ई–ग्राम स्वराज आई0डी0 से जे0जे0एम0 डैशबोर्ड 2.0 (ejalshakti.gov.in/jjm2/login/gramswarajlogin) पर लॉगिन करते हुये बैठक का कार्यवृत्त, पेयजल योजना से सम्बन्धित सूचना की प्रविष्टि दर्ज किया जाना है।
3. **कौन करेगा** – चयनित पेयजल योजनाओं की ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत सचिव द्वारा क्रियाशीलता की सूचना की प्रविष्टि की जानी है।
4. **कब करना है**– दिनांक 20.01.2026 को जनपद में एक दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिवों को जल सेवा आंकलन के कार्यों को करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण उपरान्त जल सेवा आंकलन का कार्य कराया जा रहा है। जिसे पूर्ण करने की तिथि वर्तमान तक उच्चाधिकारियों द्वारा नहीं प्रदान की गयी है।
5. **कहां पर होना है** – सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ई–ग्राम स्वराज आई0डी0 से जे0जे0एम0 डैशबोर्ड 2.0 को लॉगिन करते हुये ग्राम पंचायत में योजनाओं की क्रियाशीलता की सूचना की प्रविष्टि की जानी है।

Scanned with OKEN Scanner

6. **वर्तमान प्रगति** – जनपद में चयनित 22 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 14 नग पेयजल योजनाओं का जल सेवा आंकलन ग्राम पंचायत सचिवों से समन्वय स्थापित कर जे0जे0एम0 2.0 डैशबोर्ड पर उनकी ई–ग्राम स्वराज की लॉगिन आई0डी0 से पूर्ण करा दिया गया है। शेष 08 नग योजनाओं में से 06 नग पे0यो0 पर आंशिक जलापूर्ति (उच्चाअधिकारीयों द्वारा आशिंक रूप से जलापूर्ति वाले ग्रामों में जल सेवा आंकलन नहीं कराने का निर्देशित किया गया है।) होने के कारण एवं 02 नग पेयजल योजनाये नगर क्षेत्र मे सम्मिलित होने के कारण जल सेवा आंकलन कराया जाना सम्भव नहीं हो पाया है।

| क0सं0 | विकास खण्ड | योजना का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | हसायन | खोंडा जंहागीरपुर | ग्रमो मे आशिंक रूप से जलापूर्ति होने के कारण जल सेवा आकलन पूर्ण नहीं हो पायेगा। |
| 2. | हाथरस | बरवाना | |
| 3. | हाथरस | रुद्रपुर | |
| 4. | सहपऊ | कोकन कला | |
| 5. | सासनी | अजरोई | |
| 6. | मुरसान | भोजरपुर खेतसी | |
| 7. | मुरसान | जोगिया | ग्राम नगर क्षेत्र मे सम्मिलित है। |
| 8. | मुरसान | मीतई | |

आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) :–

1. **क्या है** – जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं पर धन आवंटन SNA-SPARSH के माध्यम से किये जाने हेतु आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) का सृजन किया जाना है।
2. **कैसे होगा** – जिलाधिकारी महोदय/मुख्य विकास अधिकारी महोदय की जे0जे0एम0 डैशबोर्ड 2.0 (ejalshakti.gov.in/jjm2) की लॉगिन आई0डी0 से आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) का सृजन किया जाना है।
3. **कौन करेगा** – जिलाधिकारी महोदय/मुख्य विकास अधिकारी महोदय के माध्यम से आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) का सृजन किया जाना है।
4. **कब करना है**– अपर सचिव एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या G-11013/1/2024-JJM-I-DDWS दिनांक 30.01.2026 के द्वारा आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) के सजृन हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके उपरान्त आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) के सजृन की कार्यवाही की जा रही है। जिसे पूर्ण करने की तिथि उच्चाधिकारीयों द्वारा वर्तमान तक निर्धारित की गयी है।
5. **वर्तमान प्रगति** – जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 295 नग (111 एकल ग्राम एवं 184 नग ग्राम समूह) पेयजल योजनाओं की आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) बनाया जाना है। जिसके सापेक्ष जनपद में 111 नग एकल ग्राम पे0यो0 की आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसमें से 88 नग पे0यो0 की आर0पी0डब्ल्यू0एस0एस0 (सुजलम आई0डी0) बनाने का कार्य पूर्ण (Draft कर) कर लया गया है। शेष का कार्य 28.02.2026 तक पूर्ण (Draft कर) हो जायेगा।

नल जल मित्र :–

1. **क्या है**– ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल योजनाओं के संचालन हेतु नल जल मित्र का चयन किया जाना है।
2. **कैसे होगा**– नल जल मित्र कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से पात्र अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित प्रारुप एवं ग्राम प्रधान द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के द्वारा किया जाना है।
3. **कौन करेगा** – नल जल मित्र कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से पात्र अभ्यर्थियों का चयन सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के माध्यम से किया जाना है।

Scanned with OKEN Scanner

4. **कब करना है** – अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 21.11.2025 से नामाकंन का कार्य कराते हुये 28.02.2026 तक पूर्ण किया जाना है।
5. **वर्तमान प्रगति** – जनपद में 467 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 5 ग्राम पंचायतों से ग्राम प्रधान/ग्राम सचिव द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन जिलाधिकारी महोदय की लॉगिन आई0डी0 से पूर्ण करा दिया गया है। शेष पर कार्य प्रगति पर है, जिसे मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है।

**<u>जे0जे0एम0 डैशबोर्ड 2.0 पोर्टल पर डी0डब्ल्यू0एस0एम0 की बैठक के कार्यवृत्त दर्ज की जाने की समीक्षा :-</u>** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 2578/Misc(MOM-JJM 2.0)/2025-26/Fin-10 दिनांक 12.11.2025 के द्वारा जिलाधिकारी महोदय की लॉगिन आई0डी0 से डी0डब्ल्यू0एस0एम0 की बैठकों की जे0जे0एम0 डैशबोर्ड 2.0 (ejalshakti.gov.in/jjm2) की प्रविष्टि की जानी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम माह के 12 नग कार्यवृत्त के सापेक्ष 03 नग कार्यवृत्त दर्ज किये जा चुके है शेष कार्यवृत्त 28.02.2026 तक दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया।

**<u>ई0ओ0टी0(Extention Of Time) की समीक्षा :-</u>** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 3165/JJM Letter/2025-26/Tech-20 दिनांक 30.12.2025 के द्वारा जिन पेयजल योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथि JJM-IMIS पोर्टल पर समाप्त हो गयी है उन योजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये हैं, के क्रम में जनपद के 295 नग पे0यो0 के सापेक्ष 188 नग पे0यो0 की ई0ओ0टी0 की कार्यवाही पूर्ण करा दी गयी है तथा शेष 107 नग में से 79 नग पे0यों0 की सम्भवित कार्य समाप्ति की तिथि वर्ष 2026 तक है एवं शेष 29 नग पेयजल योजनाओं की पूर्णता तिथि दिनांक 31.12.2025 का समाप्त हो गई है। उन योजनाओं की समयवृद्धि हेतु प्रपत्र तैयार कर ई0ओ0टी0 के अनुमोदन अधिशासी अभियन्ता द्वारा शीघ्र ही प्रस्तुत किए जाने हेतु अवगत कराया गया।

**<u>आई0एस0ए0 गतिविधि की समीक्षा :-</u>** जनपद में चयनित 3 आई0एस0ए0 संस्था में से 02 आई0एस0ए0 संस्था के प्रतिनिधि अनुपस्थित थे एवं उपस्थित राजस्थान हयूमन आ0ई0एस0ए0 संस्था के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि फेज– 1 एवं फेज–2 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शेष आई0एस0ए0 संथाओं के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि बजरंग सेवा समिति आ0ई0एस0ए0 संस्था के द्वारा फेज 1 एवं 2 के कार्य पूर्ण कर लिए गये हैं एवं अशर्फी ग्रामोद्ययोग आ0ई0एस0ए0 संस्था द्वारा फेज– 1 का कार्य करने के पश्चात शेष कार्य नहीं किये जा रहे हैं इस सम्बन्ध में इस खण्ड द्वारा चेतावनी पत्रों माध्यम से कई बार चेतावनी दी जा चुकी है परन्तु इस आ0ई0एस0ए0 संस्था द्वारा कोई कार्य नहीं कराया जा रहा है इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अवगत करा दिया गया है।

**ISA PROFILE DISTRICT HATHRAS (Phase-I)**

| Sl. No. | District | Agency Name | Phase | Total Number of GPs Allocated To The ISA Agency | Target of Gram Sabha Meeting | Total no. of Gram Sabha Meeting held | Target of VWSC Orientation (PHASE-1) | Total no. of VWSC Orientation held (PHASE-1) | Target of PRA Exercise (PHASE-1) | Total no. of PRA Exercise held (PHASE-1) | Target of VWSC Meeting | Total no. of VWSC Meeting held | Target of Large community meeting | Total no. of Large community meeting held | Target of Women meeting | Total no. of Women meeting held | Target of Combined meeting | Total no. of Combined meeting held | Target of Prabhat Pheri | Total no. of Prabhat Pheri held |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Hathras | Rajasthan Human Care Foundation | 1 | 334 | 1002 | 840 | 334 | 280 | 334 | 280 | 1002 | 840 | 334 | 280 | 1002 | 840 | 1002 | 840 | 1002 | 840 |
| 2 | Hathras | Bajrang Sewa Samiti | 1 | 89 | 267 | 267 | 89 | 89 | 89 | 89 | 267 | 267 | 89 | 89 | 267 | 267 | 267 | 267 | 267 | 267 |
| 3 | Hathras | Asharfi Gramodyog | 1 | 40 | 40 | 40 | 40 | 40 | 40 | 40 | 120 | 120 | 40 | 40 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 |
| TOTAL | | | | 463 | 1389 | 1147 | 463 | 409 | 463 | 409 | 1389 | 1227 | 463 | 409 | 1389 | 1227 | 1389 | 1227 | 1389 | 1227 |

Scanned with OKEN Scanner

## Phase-II

| Sl. No. | District | Agency Name | Phase | Total Number of GPs Allocated To The ISA Agency | Target of Gram Sabha Meeting | Total no. of Gram Sabha Meeting held | Target of VWSC Meeting | Total no. of VWSC Meeting held | Target of Large community meeting | Total no. of Large community meeting held | Target of Women meeting | Total no. of Women meeting held | Target of Combined meeting | Total no. of Combined meeting held | Target of Prabhat Phefi | Total no. of Prabhat Pheri held |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Hathras | Rajasthan Human Care Foundation | 2 | 534 | 2004 | 1680 | 2004 | 1680 | 534 | 280 | 2004 | 1680 | 2004 | 1680 | 2004 | 1680 |
| 2 | Hathras | Bajrang Sewa Samiti | 2 | 89 | 534 | 534 | 534 | 534 | 89 | 89 | 534 | 534 | 534 | 534 | 534 | 534 |
| 3 | Hathras | Asharfi Gramodhyog | 2 | 40 | 40 | 0 | 240 | 0 | 40 | 0 | 240 | 0 | 240 | 0 | 240 | 0 |
| TOTAL | | | | 663 | 2579 | 2214 | 2778 | 2214 | 663 | 369 | 2778 | 2214 | 2778 | 2214 | 2778 | 2214 |

परियोजनाओं की गहन समीक्षा के उपरान्त उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये–

1. परियोजनाओं के सभी कम्पोनेन्टों/संरचनाओं पर समानान्तर रूप से पर्याप्त मानव शक्ति एवं मशीनरी लगाते हुए समयबद्ध रूप से कार्य को पूर्ण करायें तथा निर्माण कार्यों की प्रगति नियमित रूप से जे०जे०एम० पोर्टल पर अपडेट की जाये। फर्मों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप यदि प्रगति में तत्काल न लाया जाए तो अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

2 जो योजनायें पूर्ण हो जा रही है तथा जिनमें एफ०एच०टी०सी० के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है उनमें ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित कराकर **"हर घर जल"** मार्क किये जाने एवं प्रमाणीकरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाए।

3. प्रत्येक ग्राम में पेयजल आपूर्ति हेतु एक रोस्टर तैयार कर लिया जाये तथा पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से निर्धारित रोस्टर के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें। पेयजल आपूर्ति के समय की सूचना वॉल राइटिंग के माध्यम से ओ०एच०टी०, पम्प हाउस एवं पंचायत भवन में अंकित करा ली जाए।

4. प्रत्येक योजना में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्लोरीनेशन उचित मात्रा में किया जाये तथा रेग्युलर अन्तराल पर पेयजल सैम्पल लेकर जल गुणवत्ता का परीक्षण किया जाए।

5. समस्त निर्माण एजेन्सियों द्वारा कार्य में प्रयुक्त सामग्री एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाये तथा कार्यों हेतु प्रचलित विशिष्टियों एवं मानकों का कड़ाई से अनुपालन किया जाये।

6. प्रयुक्त सामग्री का परीक्षण, प्रचलित विशिष्टियों/मानकों के अनुसार किया जाये। टी०पी०आई०/पी०एम०सी० द्वारा उपरोक्त मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

7. अधिशासी अभियन्ता 08 नग, सहायक अभियन्ता 10–10 नग, अवर अभियन्ता 15–15 नग पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण प्रतिमाह करते हुए निरीक्षण आख्या की प्रतियां मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी कार्यालय को ई–ऑफिस के माध्यम से प्रेषित की जाएं।

8. स्कूल/ऑगनवाडी इत्यादि में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

9. प्रत्येक योजना पर सूचनापट्ट/बोर्ड लगाते हुए jjm.up.gov.in पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन Images/Videos अपलोड करना सुनिश्चित करें। पेयजल स्रोतों एवं सूचना पट्ट इत्यादि की जियो टैगिंग भी नियमित रूप से की जाये।

10 पाईप लाइन हेतु खोदी गयी सडकों को पाइप लाइन की हाइड्रोटेस्टिंग इत्यादि के कार्य पूर्ण होने के उपरान्त तत्काल पुनर्स्थापित (Restore) कर दिया जाये, जिससे ग्रामीण समुदाय को परेशानी न हो। पाइप लाइन डालने हेतु HDD मशीन का प्रयोग अधिक किया जाये।

Scanned with OKEN Scanner

11. जो योजनाएं पूर्ण हो रही है, उनमें Trial run पूर्ण करते हुए उनके संचालन एवं अनुरक्षण हेतु Opex चरण की कार्यवाही शीघ्र की जाये।

12. संचालन एवं अनुरक्षण चरण से पूर्व फर्मों द्वारा परियोजनाओं के विद्युत बिलों का भुगतान कर दिया जाये तथा इसका सत्यापन सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता द्वारा अपने स्तर से भी कर लिया जाये।

13. समस्त पूर्ण योजनाओं को हैण्ड ओवर करने हेतु पंचायतीराज विभाग के पोर्टल पर अपलोड किये जाने की कार्यवाही की जाये।

14. जनप्रतिनिधियों से प्राप्त हो रही शिकायतों तथा Grievance Portal पर प्राप्त हो रही समस्याओं का समाधान दैनिक स्तर पर किया जाये।

15. पेयजल योजना में किए गये निर्माण/पाइप लाईन कार्यों की "As Built" drawing की KML file पी०एम० गतिशक्ति पोर्टल पर अपलोड की जाय।

16. कांट्रेक्टर फर्मों द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यों यथा अवर जलाशय, पाइप लाइन एवं अन्य कार्यों की गुणवत्ता के विषय में टी०पी०आई० द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)/फर्म को प्रेषित Non&Conformities /Observation के समस्त लम्बित प्रकरणों का शत. प्रतिशत समयान्तर्गत मानक के अनुसार निराकरण कराया जाये।

17. निर्माणकर्ता फर्मों द्वारा योजनाओं में ऑटोमेशन/स्काडा इत्यादि सुचारू रूप से क्रियाशील किया जाये। स्काडा/ऑटोमेशन के माध्यम से योजना का Real Time Data SWSM के पोर्टल पर एकीकृत (Integrate) भी किया जाये तथा ऐसा न होने पर फर्म के विरुद्ध कार्यवाही की जाये।

18. जिन योजनाओं पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, उसके सम्बन्ध विद्युत विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाये तथा पेयजल आपूर्ति नियमित की जाये।

19. सोलर आधारित योजनाओं में यदि सोलर से योजना न चले तो डी०जी० सेट चलाकर पेयजल आपूर्ति की जाये।

20. पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान द्वारा जे०जे०एम० डैशबोर्ड 2.0 पर ई० ग्राम स्वराज पोर्टल पर पूर्व से संचालित अपनी लॉगिन आईडी का उपयोग करते हुए पेयजल आपूर्ति की नियमित्ता, गुणवत्ता, पर्याप्तता और स्थिरता का आंकलन किया जाये। इसके लिए प्रशिक्षण इत्यादि के माडयूल भी तैयार किये जाये।

21. जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत आर०पी०डब्ल्यू०एस०एस० की आई०डी० बनाने के निर्देश दिये गये।

22. योजनाओं का आटोमेशन/स्काडा से Real time data प्राप्त होने पर ही योजना संचालन एवं अुरक्षण चरण में ली जाये।

23. जिन योजनाओं में OHT की प्रगति 90 प्रतिशत से अधिक है उन योजनाओं का कार्य शीध पूर्ण कर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए उन्हें संचालन एवं अनुरक्षण चरण में लाया जाये। इसी प्रकार जिन योजनाओं पर OHT की प्रगति कम है, उनमें डायरेक्ट पम्पिंग से नियमित जलापूर्ति करते हुए उन्हें संचालन एवं अनुरक्षण चरण में लाया जाये।

24. सभी कान्ट्रैक्टर, परियोजनाओं में प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा विभिन्न प्रकार के पाईप, पम्पस, वॉल्वस, विद्युत उपकरणों इत्यादि से सम्बन्धित Purchase Orders एवं Procurement schedule से प्रत्येक सप्ताह विभाग को अवगत कराते रहें तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि सभी प्रकार की सामग्री की शत. प्रतिशत आपूर्ति 25 फरवरी, 2026 तक पूर्ण हो जाए।

Scanned with OKEN Scanner

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–02 व फेज–03 के अन्तर्गत कार्यरत फर्मों को कार्यों की प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया तथा समस्त संबंधितों को दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

(अतुल वत्स)
जिलाधिकारी
हाथरस

कार्यालय जिलाधिकारी, हाथरस।

OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE, HATHRAS

फोन नं०– (05722) 227077, 226090, 227001, 9454417515, dmhat@nic-in

पत्र संख्या– 254 / नैठक / 12 दिनांक 23/02/2026

**प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदया, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, हाथरस।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस
6. अधिशासी अभियन्ता (वि० एवं यां०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी ,हाथरस।
8. डी०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हाथरस।
9. डी०पी०एम०, मै० प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, हाथरस।
10. डी०पी०एम०, आरवी एसोसियेट (टी०पी०आई०), हाथरस
11. जिला समन्वयक, मैचज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी०पी०एम०यू०), हाथरस ।
12. परियोजना प्रबंधक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, अलीगढ़।

जिलाधिकारी
हाथरस

Scanned with OKEN Scanner

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–02 व फेज–03 के अन्तर्गत कार्यरत फर्मो को कार्यों की प्रगति बढाने हेतु निर्देशित किया गया तथा समस्त संबंधितों को दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

(अतुल वत्स)
जिलाधिकारी
हाथरस

कार्यालय जिलाधिकारी, हाथरस।

OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE, HATHRAS

फोन नं०– (05722) 227077, 226090, 227001, 9454417515, dmhat@nic-in

पत्र संख्या– 254/ बै०क्र० / 12 दिनांक 23/02/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदया, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, हाथरस।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस
6. अधिशासी अभियन्ता (वि० एवं यां०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी ,हाथरस।
8. डी०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), हाथरस।
9. डी०पी०एम०, मै० प्रवीन इलैक्ट्रिकल्स प्रा०लि०, हाथरस।
10. डी०पी०एम०, आरवी एसोसियेट (टी०पी०आई०), हाथरस
11. जिला समन्वयक, मैचज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी०पी०एम०यू०), हाथरस ।
12. परियोजना प्रबंधक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, अलीगढ़।

जिलाधिकारी
हाथरस

Scanned with OKEN Scanner